हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 पानी छानकर पीने वाले वाणी को भी छान कर पीना और पिलाना ...


11 बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ी रसीले फलों की मांग



## खबर संक्षेप

### मां कंकालीन मंदिर कनेरी में चैत्र नवरात्रि पर होंगे विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में मां कंकालीन मैया मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही माता सेवा सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति संरक्षक हीरालाल यादव, अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, उपाध्यक्ष मोहन सिन्हा सहित पदाधिकारियों ने बताया कि 9 अप्रैल को सुबह 11:36 से 12:24 के बीच ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। 13 अप्रैल को पंचमी सरस्वती पूजा दोपहर 3 बजे किया जाएगा। 16 अप्रैल को महाअष्टमी हवन पूर्णाहुति व कन्या भोज कराया जाएगा। 17 अप्रैल को ज्योति कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी और रामनवमी मनाई जाएगी।

### कर्मा जयंती पर कल कोचेरा में होंगे विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** ग्राम कोचेरा परिक्षेत्र धनेली में ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 5 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे कलश शोभा यात्रा के साथ होगी। 12 बजे ध्वजारोहण एवं मां कर्मा की आरती होगी। 12:15 से 2 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। 2 बजे रक्तदान करने वालों का सम्मान करने के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद ललिता पीमन साहू होंगी, अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशन लाल साहू करेंगे। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर द्वारा 11 बजे से 2 बजे तक रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### भोथली में मां कर्मा जयंती कल

**गुरूर।** ग्राम भोथली में ग्राम साहू समाज द्वारा 5 अप्रैल को पाप मोचनी एकादशी के अवसर पर मां कर्मा जयंती मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे मां कर्मा आरती पूजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे अतिथि उद्बोधन होगा। जहां रक्तदाताओं एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान साहू समाज द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ धनेली चन्द्रहास अठभैया करेंगे।

### महिला से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**दल्लीराजहरा।** महिला से मारपीट कर छेड़छाड के आरोप में दल्लीराजहरा पुलिस ने आदतन आरोपी सुधीर नायक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने थाना राजहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 31 मार्च की रात्रि में खाना खाकर सोयी थी। रात्रि करीबन 12.30 बजे पीड़िता के घर के सामने गाली गलौज की आवाज सुनाई दी, उठकर घर के आंगन में पहुंची। उन्होंने बताया कि सुधीर राजपूत उसके भाईयों के साथ गाली गलौज कर रहा था। भाइयों के साथ गालीगलौज से मना करने पर आरोपी सुधीर राजपूत ने उसे खींचते हुए घर से बाहर ले जाकर मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर शास्त्री नगर दल्लीराजहरा निवासी आरोपी सुधीर राजपूत पिता महेम्बर सिंह उम्र 23 वर्ष के विरूध्द अपराध धारा 294, 506, 323, 456, 354, 354 (क), 354 (ख) भादवि कायम कर विवेचना में लेकर कार्रवाई की गई। आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फिर शुरू हुई तोड़फोड़, उड़ती धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बार फिर सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर भवनों को तोड़ने का कार्य आरंभ हो गया है। भवनों को तोड़ने के पूर्व निर्माण एजेंसी द्वारा वार्डों एवं अस्पताल भवन में धूल से बचाव के कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं। इससे धूल अस्पताल के अंदर वार्डों में जा रही है। ठेकेदार की मनमानी में एवं लापरवाही का खामियाजा अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों एवं अस्पताल में आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

नगर में स्थित 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते डेढ़ साल से लगातार कार्य किया जा रहा है। पहला भवन अभी पूरा बना नहीं बना है और दूसरे भवन के निर्माण के लिए पुराने भवन की मजबूत दीवारों को तोड़ने के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

भवन को तोड़ने से उड़ने वाली धूल व पाउडर अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्रभावित कर रही है, क्योंकि जहां तोड़फोड़ की जा रही है। ठीक उसके बगल में 30 बिस्तर का जनरल वार्ड है, जहां लगातार मरीज भर्ती रहते हैं, मरीज के साथ उनके परिजन भी यहीं रहते हैं, जिससे स्वस्थ ग्रामीणों को भी समस्या हो रही है।

#### अस्पताल के अंदर वार्डों में भी जा रही धूल

**सूचना बोर्ड नहीं**

कार्यस्थल पर वर्तमान में कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे नवीन भवन किस मद से, किस विभाग द्वारा, किस ठेकेदार के माध्यम से बनाया जा रहा है यह स्पष्ट नहीं है। तोड़फोड़ में लगे मजदूर भी नहीं बता सके कि निर्माण विभाग व ठेकेदार कौन है।



**भवन के पीछे ओपीडी संचालित**

भवन जहां तोड़फोड़ हो रही है, उसके ठीक पीछे ओपीडी संचालित है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों मरीज व गर्भवती महिलाएं व अन्य मरीज पहुंचते हैं। भवन के तोड़फोड़ के पहले वहां धूल व भवन का पाउडर ना पहुंचे। इसके लिए ठेकेदार द्वारा पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण तोड़ फोड़ के कारण उड़ने वाली धूल अस्पताल के अंदर जा रहा है, जिससे अस्पताल में आने वाली मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## चुनाव : जिले में अब तक 60 बसों के अलावा 58 छोटे वाहनों किया जा चुका अधिग्रहण

# चुनाव के लिए वाहनों का किया जा रहा अधिग्रहण, सफर हो सकता है मुश्किल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर यात्री बसों का अधिग्रहण करना शुरू कर दिया गया है।

इसके कारण आगामी दिनों में बस से सफर करने वाले यात्रियों और शादी ब्याह के सीजन में गाड़ियों की बुकिंग करने वाले लोगों को दिक्क्तों का सामना करना पड़ सकता है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसे ध्यान में रखकर सुरक्षा बलों के साथ ही मतदान दलों और पीठासीन अधिकारियों को सुरक्षित बुथ केंद्रों तक लाने ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग किया जाना है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग की टीम सड़कों पर गुजरने वाले वाहनों का अधिग्रहण करने के लिए जुटी हुई है। हालांकि वर्तमान में कुछ ही गाड़ियों को अधिग्रहण परिवहन विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बस, कार और मालवाहक गाड़ियां शामिल हैं।

■ आने वाले दिनों में यात्रियों के अलावा विवाह कार्यक्रमों के लिए भी वाहनों का होगा टोटा

चुनाव के दिनों में आवागमन को लेकर दिक्कतें हो सकती हैं। हालांकि अभी सभी सड़कों पर बस आसानी से मिल रही है, लेकिन चुनाव करीब आने के बाद यात्रियों को बस के लिए भटकना पड़ सकता है। वहीं शादी ब्याह का सीजन चल रहा है। ऐसे में वाहनों की आवश्यकताओं को पूर्ण करना परिजनों के लिए चुनौती साबित हो सकता है। वहीं, इसका अनुचित लाभ भी वाहन मालिकों द्वारा उठाया जा सकता है, हालांकि प्रशासन द्वारा इस समस्या से निजात दिलाने के लिए इस बार स्कूल बसों का अधिग्रहण ज्यादातर किया जा रहा है।

**180 बसें अधिग्रहित करने का लक्ष्य**

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश कुमार रावटे से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन दलों के लाने ले जाने के लिए 180 बस वाहनों को अधिग्रहण करने का लक्ष्य है। वहीं, पुलिस प्रशासन के लिए लगभग 50 कारों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसी प्रकार पुलिस प्रशासन के द्वारा 200 वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा, इसके अलावा सीमावर्ती जिला दुर्ग और राजनांदगाँव से 130 बसों का अधिग्रहण किया जाएगा। फिलहाल विभाग द्वारा 58 छोटे वाहनों का अधिग्रहण और लगभग 60 से ज्यादा बसों का अधिग्रहण किया जा चुका है। वहीं जिन सड़कों पर सिंगल बस चलती है, उन बसों का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा, जिससे यात्रियों को दिक्कत नहीं होगी।

# कुसुमकसा में निर्माणाधीन काम्प्लेक्स हटाने आज चक्काजाम करेंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में अवैध कॉम्प्लेक्स (दुकान) निर्माण का आरोप लगाते हुए उसे तोड़ने व अस्पताल निर्माण के लिए जगह सुरक्षित रखने की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा गुरुवार 4 अप्रैल को कुसुमकसा बंद व चक्काजाम के निर्णय के समाधान के लिए ग्राम पंचायत भवन कुसुमकसा के सभागार में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया।

■ चक्काजाम रूकवाने आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता विफल रहने के बाद ग्रामीणों ने लिया निर्णय

लेकिन, वाता में कोई नतीजा नहीं निकलने पर कुसुमकसा के ग्रामीण कुसुमकसा बंद व चक्काजाम पर अडिग रहे। त्रिपक्षीय चर्चा में आर सोनकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंडी, सुनिल तिर्की थाना प्रभारी दल्लीराजहरा, मनीष झा अध्यक्ष भाजपा डोंडी मंडल, प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबन्धक गंगूराम मंडावी, अध्यक्ष पुखराज व शिवराम सिन्द्रामे सरपँच, संजय बैस जनपद सदस्य, दीपक यादव उपसरपंच, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार,पंवाराबाई कोठारी पूर्व सरपंच ,नितिन जैन, पुष्पजीत बैस सहित ग्रामीण उपस्थित थे। अधिकारियों के जाने के बाद कुछ ग्रामीण कल कुसुमकसा बन्द व चक्काजाम करने के बाद भी कोई नतीजा नही आने पर लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने की चर्चा कर रहे थे। कुसुमकसा व्यापारी संघ ने पंचायत के आह्वान पर बन्द का समर्थन देते हुए दुकानें बन्द रखने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा भवन के बाउंड्रीवाल को तोड़कर अवैध दुकान निर्माण कराये जाने को लेकर ग्राम पंचायत कुसुमकसा के पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने निर्माणाधीन अवैध निर्माण के सामने 30 मार्च को धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।

तीन दिन पूर्व दिए गए आवेदन पर प्रशासन के तरफ से किसी प्रकार का पहल ना होने पर ग्रामीणों का रोष बढ़ गया व धरना स्थल पर ही 4 अप्रैल को कुसुमकसा बंद व चक्काजाम करने का प्रस्ताव किया गया था। उक्त जगह पर 20 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण होना प्रस्तावित है। अस्पताल के लिये जगह कम न पड़े इसलिए उक्त अवैध निर्माण को हटाने की मांग की जा रही है।

# राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्यता परीक्षा में सेजस जामगांव आर के 7 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर




राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्यता परीक्षा में सेजस जामगांव आर के 7 बच्चों का चयन हुआ है।

मिडिल प्रधान पाठक सिन्धु अनिल कुमार ने बताया कि चयनित बच्चों को प्रति वर्ष 12000 रूपए छात्रवृत्ति के रूप में मिलेंगे। इस परीक्षा में प्रांजल चंद्राकर, चित्तरंजन साहू, दानेश्वर साहू, शौर्य कुमार साहू, तुषार कुमार, शिवांगी साहू और चंचल साहू सात बच्चों का चयन हुआ। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि बच्चों ने चयनित होकर विद्यालय ही नहीं, वरन पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इससे आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सम्बल मिलेगा। यह विद्यार्थी, शिक्षक और पालकों की सामुहिक भागीदारी का परिणाम है कि बच्चे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चयनित हुए।

इस अवसर पर ओपी वर्मा, विनीता सुधीर, दीपिका मारकंडे, संकुल समन्वयक रूपेश साहू, अंजलि मौर्य, नीलक्षी मुखोपाध्याय, दीप्ति प्रधान, हेमा राजपूत, सुरभि तिवारी, सिमरन कौर, दीप्ति प्रधान, छन्नूलाल साहू, खैरुन निशा खान, राजेंद्र नाग, रचना तिवारी, प्रियंका, रानीं नादिनी चौधरी और वसीम खान, अमन पाटकर सहित स्टॉफ उपस्थित थे।

# सूने घर में चोरों का धावा, 50 हजार नकदी सहित जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना




कोतवाली थाना क्षेत्र में लाखों की हुई चोरी के मामले को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है, वहीं रेलवे कॉलोनी में एक सूने मकान मे चोरी की वारदात ने पुलिस की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के रेलवे कॉलोनी स्थित शिक्षक नगर में महेश्वरी ठाकुर जो कृषि उपज मंडी समिति बालोद में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हैं, उन्होंने कोतवाली थाना में 50 हजार रुपए नगदी व सोने चांदी के जेवरात सहित कुल 80 हजार रुपए की चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई है।

आपको बता दें कि होली त्यौहार के एक दिन पहले बूढ़ापारा में एक पशु चिकित्सक डॉक्टर ताम्रध्वर देवांगन के घर से करीब 5 लाख के जेवरात और नगदी रकम की चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि पुलिस लगातार इस पर पतासजी कर रही है, लेकिन इस मामले के सुलझने से पहले एक और चोरी का मामला सामने आ गया। शिक्षक नगर निवासी महेश्वरी ठाकुर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि रेलवे कॉलोनी शिक्षक नगर बालोद में रहते हैं। 20 मार्च को सुबह करीबन 8 बजे वे काम के सिलसिले में दुर्ग गये थे। 23 मार्च को दोपहर करीबन 2 बजे वापस अपने घर पहुंचे, तो घर के मेनगेट के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था। घर अंदर जाकर देखी तो दो अलग अलग कमरे में रखे आलमारियों का दरवाजा खुला हुआ और लाकर खुला हुआ था। कमरे के आलमारी के लाकर में रखे, 2 जोड़ी चांदी का पायल, चांदी का सिक्का 3 नग, सोने का झूमका 1 जोड़ी, सोने का टाप्स 1 जोड़ी, सोने का पत्ती 2 नग, सोने का सुईधागा 1 जोड़ी एवं नगदी रकम 50,000 रूपये, आलमारी में नहीं था। महिला ने चोरी की घटना के बाद आसपास पतातलास करने में समय गंवा दिया और घटना के करीब 10 दिन बाद पुलिस के पास शिकायत की। इधर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता जारी

# सेमीफाइनल में पहुंची राजहरा माइंस की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



खनिज नगरी में चल रहे अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सातवें दिन 2 अप्रैल को पूल बी का एकमात्र लीग मैच खेला गया। मैच में राजहरा मांईस एवं युनाइटेड फुटबॉल क्लब उड़ीसा की टीम 02 -02 की बराबरी पर रहे।

लेकिन राजहरा मांइस की टीम अपने पूल में बेहतर प्रदर्शन एवं गोल औसत के आधार पर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 04 अप्रैल को खेला जाएगा जहां विजेता टीम को एक लाख एवं उप विजेता टीम को पचास हजार रूपए नकद सहित ट्राफी से पुरस्कृत किया जायेगा। 2 अप्रैल को राजहरा फुटबॉल स्टेडियम में खेले एक मात्र लीग मैच में राजहरा माइंस के खिलाड़ियों ने पहले हाफ में बढ़िया तालमेल से खेलते हुए दो गोल किए। राजहरा मांईस के लिए पहला गोल 21 वें मिनट में जर्सी नं 07 लोकेश निषाद ने किया और अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिलाई। इसके बाद खेल के 40 वे मिनट में जर्सी नं 15 सुरेश कुमार ने दूसरा गोल कर दो गोल की बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक राजहरा मांईस की टीम उड़ीसा से शून्य के मुकाबले दो गोल से आगे रहे। मध्यांतर के उड़ीसा के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन एवं काफी तेज फुटबॉल सहित नपे तुले पासिंग से खेलते हुए राजहरा मांइस के खिलाड़ियों को छकाते हुए सेकंड हाफ के 35 वे एवं 42 वे मिनट में उड़ीसा के खिलाड़ी जर्सी नं 09 अविनाश मुंडा ने लगातार दो किए और टीम को बराबरी पर ला दिया। इस तरह निर्धारित समय तक राजहरा माइंस एवं युनाइटेड फुटबॉल क्लब उड़ीसा के बीच आखिरी लीग मैच दो-दो की बराबरी पर छूटा, लेकिन राजहरा माइंस की टीम मैच ड्रा खेलने के बाद भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 2 अप्रैल को आयोजित मैच के मुख्य अतिथि तनवीर अहमद डिप्टी कमांडेंट, सी.आई. एस. एफ.रहे विशेष अतिथि के रूप में रजत कुमार बैनर्जी महाप्रबंधक ट्रैनिंग माइंस, पुरोबी वर्मा पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष, श्रीमती नंदा पसीने, देवन्तीन पारकर, रेखा शांडिल्य, आदर्श श्रीवास्तव ए.जी.एम.राजहरा मांइस,शैलैष व्यास ए.जी.एम. आशुतोष माथुर, सहित बड़ी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### तहसील पेंशनर समाज अर्जुंदा की मासिक बैठक 6 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ तहसील पेंशनर समाज अर्जुंदा की मासिक बैठक 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे संकुल केंद्र भवन अर्जुंदा में आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2024 की सदस्यता शुल्क एवं वित्तीय वर्ष 2023 के आय व्यय का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही जिला एवं प्रांतीय स्तर की बैठक की जानकारी भी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए तहसील सचिव सीएल देवांगन ने बताया कि इसी दिन मार्री बंगला देवरी में जिला स्तरीय पेंशनर समाज की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# अस्पताल में गायब मिले डॉक्टर, एक्सपॉयरी दवा देख भड़कीं कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाडाडीह में एस्पायरी दवा को लेकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होने दवा हटाने के साथ ही दीवार पर एक्सपायरी दवा के लिस्ट को तत्काल हटावाया। वही दबिश के दौरान अस्पताल में डाक्टर के गायब होने पर उन्होने नाराजगी जताई और तत्काल ऐसे लोगों को नोटिस जारी करने सीएमएचओ निर्देश दिए। इधर कलेक्टर के अचानक दबिश से खलबली मची रही।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली नगर निगम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि, जो चिकित्सक समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होने दवाईयों तथा अन्य उपकरणों का अवलोकन किया, जिन दवाईयों की समयावधि समाप्त हो गई है। उन्हें तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाजरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान बहुत से चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल नोटिस जारी करने निर्देश

### मतदान केन्द्रों की देखी व्यवस्था

रिसाली के आत्मानंद स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर सीधे नेवई स्कूल पहुंची। उन्होने स्कूल परिसर को पौधरोपण करने निर्देश दिए। वही रिसाली नगर निगम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान करने के लिये तैयारी का जायजा लिया। यहां मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेवई में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। जिसे लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के लिये चिन्हांकित किया गया।



**लिस्ट हटाया**

गाडाडीह पीएससी सेंटर में दीवार पर एक्सपायरी दवा का लिस्ट था, जिसे हटाया गया। एक्सपायरी स्टाक नही था।
**-जेपी मेश्राम,** सीएमएचओ, दुर्ग

### केंद्रों में पेयजल सहित हो समुचित व्यवस्था

हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान निगम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने मतदान दल के ठहरने की व्यवस्था के साथ पेयजल, प्रसाधन और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न करने की बात कही। पाटन के पतोरा ग्राम पंचायत में शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की।

## खबर संक्षेप



### गर्मी से निजात दिलाने कूल वाटर का वितरण

**दुर्ग।** सेन समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा अध्यक्ष डॉ प्रतीक उमरे के नेतृत्व में सदस्यों ने चिलचिलाती धूप में दायित्वों का निर्वहन करने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को शुद्ध पानी के लिए एक्वा कूल वाटर बोतल के साथ ही इलेक्ट्रॉल पाउडर मुहैया करवाया। जिससे वो रोज अपनी ड्यूटी पर इलेक्ट्रॉल पाउडर युक्त पानी साथ में रख सके। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने में यातायात सिपाहियों की भूमिका अहम है। यातायात कर्मचारी मौसम की विपरीत परिस्थितियों की परवाह किए बगैर अपने दायित्वों का निर्वहन करते है। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसमें सिपाहियों को पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने, गर्मी व निर्जलीकरण से बचाने के लिए यह पहल की गई है। मौके पर मनीष श्रीवास, प्रांजल भारद्वाज, प्रखर भारद्वाज, लवकुश देशमुख आदि उपस्थित थे।

### एग्जिट पोल पर 1 जून तक लगाया प्रतिबंध

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क, ख के तहत 19 अप्रैल को सुबह 7 से 01 जून शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, ना ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा। निर्वाचनों में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### ध्वजा महोत्सव 6 मई को

**दुर्ग।** ऋषभ नगर ट्रस्ट मण्डल ध्वजा महोत्सव सहित पूरे वर्ष अन्य सभी कार्यक्रमों को धूमधाम से मनाने के लिए ऋषभ नगर उत्सव समिति का गठन किया। जिसमें ट्रस्ट मण्डल के सभी ट्रस्टियो व सदस्यों ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष के रूप में योगेश बरड़िया, महाचिव आशिष लुनिया व कोषाध्यक्ष अरूण लोढ़ा को चयनित कर उत्सव समिति की जिम्मेदारी सौंपी। 6 मई को वार्षिक ध्वजा के कार्यक्रम को इस बार 2 दिन 5 व 6 मई को मनाने का निर्णय लिया गया। 5 मई को सुबह अट्ठारह महाअभिषेक, व दोपहर को दादागुरूदेव महापूजन, रात्रि भक्ति व 6 मई को सुबह जुलुस पश्चात सत्तरभेदी पुजा व लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाया जायेगा। बैठक में उत्तम बरड़िया, कान्ति लाल बोहरा, गौतम कोठारी, संदीप निमाणी, डॉ. डीसी जैन आदि मौजूद थे।

**मनमानी :** खेती जमीन के अस्तित्व पर खतरा, घट रहा रकबा

# कॉलोनी विकास से बचने किसानों को शिकार बना रहे भूमाफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## खेत में मुरूम की रोड बनाकर बगैर ले-आउट के लाखों का सौदा

जिले में कृषि भूमि को टुकडे में बेचने भूमाफियाओं को इन दिनों सिंडिकेट बन गया है। कालोनी एक्ट के नियमों से बचने के लिए ऐसे लोग किसानों को शिकार बना रहे है। किसानों की खेती जमीन बेचने लाखों रूपए के लालच देकर उनसे बगैर रजिस्ट्री कराए कोरे कागज में एग्रीमेंट कराया जा रहा है। इस एग्रीमेंट के जरिए जिले के विभिन्न इलाको में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। अगर समय पर इसे नही रोका गया तो बुनियादी सुविधा सडक, नाली और बिजली के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड सकता है।

आचार संहिता लगने के पहले जिला प्रशासन द्वारा अवैध प्लाटिंग मामले में दो दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया था। लेकिन आगे कार्यवाही थम गया है। अफसर आचार संहिता का हवाला दे रहे है। लेकिन इधर रोज नए नए प्लाट अवैध रूप से जन्म ले रहे है। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग मुख्यालय के आउटर इलाको में इन दिनों धडल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल हो रहा है। खेती जमीनों को बगैर डायवर्सन कराए टुकडों में बेचा जा रहा है। इसके लिए एसडीएम और निगम से कालोनाइजर लाइसेंस लिए बगैर लोगों को सस्ते में जमीन देने का झांसा देकर कारोबार खडा किया जा रहा है। दुर्ग से उतई, पाटन, जाने वाले मार्ग में एक सौ मीटर में अवैध प्लाटिंग हो रही है। इसके आलावा धमधा से बेमेतरा रोड में जेवरा सिरसा, आईआईटी के आसपास सडक पर टेबल लगाकर टुकडों में जमीन सेल कर रहे है। इन दिनों सबसे ज्यादा पाटन के गांव देमार, पंदर चौक, छातागढ जाने वाले मार्ग में खेती जमीन पर मुरूम की सडक बनाई गई है और यहां बोर्ड लगाकर जमीन मालिको ने नंबर भी दे रखा है।



### इन गांवों में दिया गया था नोटिस

दुर्ग ब्लाक के 22 ग्रामों में बोरसी के 20, नगपुरा के 20, उरला के 19, बघेरा के 12, पोटियाकला के 14, रिसाली के 39, फुलगाव के 4, भटगांव के 2, चंदखुरी के 17, अछोटी के 01, चिंगारी के 21, कोनारी के 03, कोकड़ी के 06, निकुम्म के 01, सिकौला के 31, अंडा के 21, समोदा के 07, पिपरछेड़ी के 01, खपरी के 05, मोहलाई के 10, महमारा के 04, तितुरडीह के 06 भूमिस्वामी शामिल है, जिन्हे नोटिस थमाया गया है।

### किसानों के नाम एग्रीमेंट, बेचकर निकल रहे माफिया

सूत्रो ने बताया कि, दुर्ग में बाहरी इन्वेस्टर इन दिनों सक्रिय हो गए है। उनके द्वारा किसानों के खेती जमीन का एकमुश्त समझौता किया जा रहा है। किसानों से कोरे कागज में एकमुश्त जमीन खरीदी जा रही है। वही अवैध प्लाटिंग के झांसे में आने के बाद खरीददारों का बडा जमीन टुकडों में बेचने सौदा हो रहा है। हर प्लाट के सौदा होने के बाद किसान को रजिस्ट्री के लिए लाया जा रहा है। पूरी जमीन बेचने के बाद भू माफिया लाखों ढकार के निकल रहे है। जबकि उस जमीन पर सडक, नाली, बिजली कौन बनाएगा। इसकी कोई मानिटरिंग नही हो रही है।

### न रेरा का डंडा और न टाउन प्लानिंग सक्त

आवासीय कालोनी बनाए जाने के लिए कालोनाइजर लाइसेंस के साथ ही टाउन प्लानिंग विभाग से ले आउट एप्रुवल कराना होता है। लेकिन यहां टाउन प्लानिंग विभाग के अफसरों के अनुमति बगैर शहर सहित आउटर में नया कुनबा बस रहा है। हालात यह है कि, मास्टर प्लान को एक ओर रखकर माफियाराज का दबदबा कायम हो गया है। वही रेरा जैसे ठोस कानून लागू होने के बाद भी अवैध प्लाटिंग का धंधा नही रूक रहा है। रेरा की मानिटरिंग ही समझ से परे है।

### दस साल पुरानी कालोनी की भी जांच नहीं

जनदर्शन में कालोनाइजरों द्वारा पूर्ण रूप से सुविधा नही दिए जाने की लगातार शिकायते सामने आ रही थी। जिसे लेकर तत्कालीन कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने शहर में बसे दस साल पुराने कालोनियों की जांच करने के निर्देश दिए थे। लेकिन जांच टीम गठित होने के सालभर बाद भी अफसरों की टीम ने एक भी कालोनियों का भौतिक सत्यापन नही किया है। बकायदा नगरनिगम दुर्ग द्वारा ऐसे कालोनियों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई थी। पिछले साल मई में कार्यवाही की जानी थी, जिसका अब तक पता नही है।

**होगी कार्यवाही**

अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी। पूर्व में ऐसे लोगों की सूची पटवारियों से लेकर नोटिस दिया गया था। आचार संहिता के बाद कार्यवाही होगी।
**-प्रफुल्ल गुप्ता,** तहसीलदार, दुर्ग

# मंदिर की जमीन के विक्रय पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



रामजानकी मंदिर ग्राम रसमड़ा के स्वामित्व की भूमि को महन्त धर्मेन्द्र दास रसमड़ा के द्वारा विकय करने से रोक लगाए जाने की मांग की गई है। इसके लिए सोमवार को दर्जनभर लोगों ने ज्ञापन भी सौंपा है। रामजानकी मंदिर ग्राम रसमडा के नाम पर कृषि भूमि दर्ज है। जिसे महन्त अपने रिश्तेदारों से मिलकर बिकी कर रहा है, जिसे बिक्री के पूर्व किसी भी प्रकार से कलेक्टर से अनुमति नहीं ली गई है। राजस्व मंडल एवं आयुक्त ने इसी महन्त धर्मेन्द्र दास के द्वारा बिक्री की गई ग्राम नगपुरा की भूमि पर हुये नामांतरण को निरस्त किया गया है। इस प्रकार महन्त धर्मेन्द्र दास एवं जैतुक वैष्णव अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को साथ लेकर बिकी कर रहे है। जिसमें नायब तहसीलदार व पटवारी भी संलग्न है। इस दौरान दुष्यंत कुमार, नंदकुमार सहित अन्य उपस्थित थे। उन्होने मामले में जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही किये जाने ज्ञापन सौंपा है।

# ब्रम्हर्षि भूमिहार ब्राह्मण समाज का होली मिलन



**भिलाई ।** ब्रम्हऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज के सेक्टर दो भवन में हुए होली मिलन समारोह में सदस्यों ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। समाज के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडे को भाजपा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पीपी सिंह, महासचिव मधुसूदन शर्मा, कार्यकारी अ अध्यक्ष सुरेश राय सहित कृष्णानंद राय, आरआर शर्मा, अजय राय, संजय सिंह, संजीव सिंह, श्याम सिंह, विपिन ठाकुर,शैलेंद्र ठाकुर एचपी राय, बलराम सिंह, अनिता, इंदु, मंजू पिंकी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर गाइडलाइन नहीं पहुंची रजिस्ट्री को लेकर बना संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एक अप्रैल से नया वित्तिय वर्ष शुरू होने के बाद भी राज्य शासन द्वारा जमीन के कलेक्टर गाइड लाइन की दर को लेकर निर्देश जारी नही किए गए है। जिसके चलते जिला पंजीयक कार्यालय के अफसरों के बीच आगामी दिनों होने वाले रजिस्ट्री को लेकर संशय बना हुआ है।

■ राज्य शासन के निर्देश के इंतजार में अफसर

मिली जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा एक और दो अप्रैल को सिर्फ वसीयत और पावर आफ अटार्नी के प्रकरण में ही रजिस्ट्री किए जाने के निर्देश दिए गए थे। ऐसा माना जा रहा था कि, दो अप्रैल को दर की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन दूसरे दिन भी निर्देश नही मिले है। उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा कलेक्टर गाइड लाइन दर में तीस फीसदी लागू छूट को एक अप्रैल से समाप्त कर दिया है। यह स्थिति तो स्पष्ट है, लेकिन कलेक्टर दर को लेकर तस्वीर साफ नही है। राज्य शासन द्वारा क्या पुराने दर को ही यथावत रखा जाएगा या दर में बढोत्तरी की जाएगी। बहरहाल यह चर्चा का भी विषय बना हुआ हैं।

**निर्देश नहीं मिले**

कलेक्टर गाइडलाइन में तीस फीसदी छूट का लाभ एक अप्रैल से नही मिलेगा। रही बात कलेक्टर दर की तो अभी तक कोई निर्देश नही मिले है।
**-पुष्पलता ध्रुर्वे,** जिला पंजीयक, दुर्ग

# चुनाव पूर्व ढाई दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की बात कह रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसएसपी ने सभी थानों के टीआई के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों की मैराथन बैठक ली।

■ अपराध रोकने एसएसपी ने ली पुलिस अफसरों के साथ टीआई की मैराथन बैठक

बैठक दोपहर दो बजे से देर शाम तक जारी रही। इसी कड़ी में आदतन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई करने एसएसपी कार्यालय ने 29 गुंडा, बदमाशों की सूची जिला दंडाधिकारी के पास भेजी है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक उनकी प्राथमिकता जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसके लिए मादक पदार्थ की अवैध खरीद बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करना है। इसके लिए निजात अभियान चलाया जा रहा है। अफसर के अनुसार जिले में क्राइम का ग्राफ कम करने के लिए बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही जिले के ऐसे फरार वारंटी जो दूसरे जिले में जाकर छिपे हैं, उनके बारे में जानकारी जुटाकर चुनाव के पूर्व गिरफ्तारी करना है। एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र के संवेदनशील एरिया को चिन्हांकित कर उन क्षेत्रों में गश्त तेज करने के निर्देश देने के साथ ही संदिग्धों की धरपकड़ तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संदिग्धों के गतिविधियों की निगरानी करने के साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

### आधा दर्जन के खिलाफ जिलाबदर फाइनल स्टेज पर

एसएसपी के मुताबिक जिन 29 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की अनुसंशा की गई है, उनमें से आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई फाइनल स्टेज पर पहुंच गई है। चिन्हांकित बदमाशों के खिलाफ एसएसपी ने जल्द ही जिलाबदर की कार्रवाई करने की बात कही।

### जिलाबदर की सूची में कई रसूखदार

जिलाबदर की सूची में इस बार कई रसूखदार बदमाश भी शामिल हैं, जो सट्टा संचालित करने के साथ अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा सहित अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने का काम करते हैं। अफसर ने ऐसे सफेदपोश बदमाशों के खिलाफ भी जिलाबदर कार्रवाई करने की बात कही।

### छः घंटे के बजाय चार घंटे ही खुलेगी आंगनबाड़ी

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा गर्मी में स्कूल की टाइमिंग बदलने के निर्देश दिए जाने के बाद आंगनबाडी में भी मासूमों को राहत दी है। एक आदेश जारी कर राज्य शासन द्वारा आंगनबाडी छः घंटे के बजाय सिर्फ चार घंटे ही संचालित करने के निर्देश दिए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि, आगामी आठ अप्रैल से अठारह जून तक केन्द्रों का संचालन चार घंटे किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होने बताया कि, सुबह सात से ग्यारह बजे तक ही केन्द्रों का संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा लगातार गर्मी बढने के चलते मासूमों को राहत देने की खबर प्रकाशित किया था। जिसके बाद स्कूल और अब जिले के करीब पन्द्रह सौ आंगनबाडी केन्द्रों में अध्यनरत बच्चों और परिजनों को राहत दी हैं।

# रंगपंचमी में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अग्रवाल समाज द्वारा फूलों की होली खेली गई। इस दौरान उन्होने आगामी दिनों होने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की भी शपथ ली है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व महासचिव ललित सेक्सरिया ने बताया कि, समारोह में सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे 1 विजय बघेल ने कहा कि, अपने अंदर की बुराइयों का दहन कर अच्छाई के मार्ग पर चलें, यही होली का संदेश है 1 इस

■ सांसद सहित विधायकों ने की कार्यक्रम में शिरकत



अवसर पर सांसद का शाल, श्रीफल व मोमेंटो से सम्मान किया गया 1 ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर ने भी उपस्थित थे।महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गोयल एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने बताया कि, वृंदावन की तर्ज पर कृष्ण एवं राधा के स्वरूप की झांकी प्रस्तुत करते हुए संगीतमय होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें ममता अग्रवाल ने भक्ति गीतों की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। समाज के वरिष्ठ विजय अग्रवाल, संजय रूंगटा ने बताया कि, समाज द्वारा शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया 1 कार्यक्रम में अग्रवाल समाज भिलाई व ख़ुर्शीपार के पदाधिकारीयों ने भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज अग्रवाल एवं दीपक बंसल ने किया 1 आभार प्रदर्शन महासचिव ललित सेक्सरिया ने किया 1 इस दौरान कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, राधेश्याम अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, विमल सक्सेरिया, सत्यप्रकाश बंसल, कोषाध्यक्ष पंकज किरतुका, बृजमोहन गोयल, दिनेश अग्रवाल, संजय गर्ग, नवल अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, मधुप अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, युवा मंडल हिमांशु अग्रवाल, यूथ क्लब पंकज अग्रवाल, महिला मंडल से स्वेता अग्रवाल,प्रीति राजगढ़िया उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में रुपाली और फातिमा रहीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता पॉवर जिम,सेक्टर 6 में हुई विजेता खिलाडियों का चयन नागपुर में आयोजित 6 जून से 10 जून तक राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में होगा।

प्रतियोगिता मेंछग पंजा कुश्ती संघ के चेयरमैन बृज मोहन सिंह, अध्यक्ष जी.सुरेश पिल्लई,पॉवर लिफ्टिंग संघ से नागभूषण,कृष्णा साहू उपस्थित थे, संघ के महासचिव श्रीकांत के की अगुवाई में 180 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया । यूथ व महिला वर्ग मे रुपाली फुले ने एवं बालिका वर्ग मे सुरएय्या फातिमा चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। जूनियर बालक सुमित तिवारी सीनियर पुरुष मे अब्दुल कादिर चैंपियन ऑफ चैंपियन रहे। इस प्रतियोगिता मे मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय रेफरी ऋषभ जैन थे। राष्ट्रीय रेफरी सन्नी बँसोड,खुशी सिंह, श्रवण कुमार, स्नेहा, अब्दुल कादिर थे।ऑफिशियल कार्य आशीष बँसोड, राम साहू,आकाश पाल, मुकेश, हर्ष, दिलीप दलाई, मयंक ओझा, रुपाली फुले, संतोष, आकाश साव, नोखेज अनवर के द्वारा किया गया। सब जूनियर बालक 15 वर्ष तक में 45 किलोग्राम प्रथम आर्यन कुमार सिंह, द्वितीय जीतन चौहान,कौशल दास और 50 किलोग्राम प्रथम साहिल खान, द्वितीय आकाश मिश्रा,तृतीय अंश वर्मा रहे।जूनियर बालक 18 वर्ष तक राइट हैंड में 50 किलोग्राम प्रथम अभिषेक देवांगन, द्वितीय सहबाज अंसारी, तृतीय के. रोहित रहे।



## खबर संक्षेप

### गुंडरदेही में बढ़ रही पानी की समस्या

**बालोद।** गुण्डरदेही में बढ़ती गर्मी के साथ पानी की समस्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता संजीव जाजू ने आरोप लगाया कि गुण्डरदेही में नगर पंचायत के 2–3 आश्रित गांवों को मिलाकर गुण्डरेदही की आबादी के लिए पानी का खास इंतजाम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने पानी की समस्या को दूर करने के लिए टैंकरों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। वार्ड 12, 13, 14, 15 में पानी सप्लाई और नए टंकी का निर्माण और तांदुला नदी से जलशोधन संयंत्र की स्थापना की मांग की है।

### प्रशिक्षण कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप, व्याख्याता एलबी निलंबित

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासकीय हाई स्कूल सरेखा विकासखण्ड गुण्डरदेही के व्याख्याता एलबी राजेश कुमार रावटे को मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान मदिरापान कर प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित होकर कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्याख्याता एलबी राजेश कुमार रावटे के इस कृत्य को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1991 तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विरूद्ध होने के फलस्वरूप उनके विरूद्ध आगामी आदेश पर्यन्त तक निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वहन भत्ते की पात्रता होगी तथा उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही में होगा।

### कोहंगाटोला में परिक्षेत्र स्तरीय माता कर्मा महोत्सव 7 को

**बालोद।** ग्राम दरबारी नवागांव परिक्षेत्र कोहंगाटोला में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा महोत्सव का आयोजन 7 अप्रैल को किया गया है। प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, 11 बजे भक्त माता कर्मा की आरती व ध्वजारोहण होगा, 11:15 बजे सामाजिक परिचर्चा परिक्षेत्री अध्यक्ष एवं समाज प्रमुखों द्वारा तथा दोपहर 1 बजे मुख्य अतिथियो का आगमन, स्वागत एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ सलाहकार पवन साहू रहेंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू संघ बालोद मदन साहू करेंगे।

### दो छात्राओं ने लगाई फांसी

**भिलाई।** दो छात्राओं ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि पहली घटना स्मृति नगर चौकी का तो दूसरी वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। ग्राम खम्हरिया में सतनामी पारा निवासी मेघा भारती 18 वर्ष अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा खम्हरिया के स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा थी। वैशाली नगर के जवाहर नगर अटल आवास निवासी 12 वीं की नाबालिग छात्रा ने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। छात्रा बारहवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा ने घर में फांसी लगा ली। जानकारी लगने पर परिजनों ने उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क किनारे जगह-जगह सजीं तरबूज, खरबूज व नारियल पानी की दुकानें

# बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ी रसीले फलों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

40 डिग्री तापमान के बीच भीषण गर्मी में यह व्यक्ति खुद छाता तान कर लोगों के शरीर का तापमान कम करने तरबूज बेच रहा है। लोग तरबूज, नारियल पानी तथा खरबूजा सहित अन्य रसीले फलों की खूब खरीदी कर रहे हैं, क्योंकि तापमान ही कुछ ऐसा है कि इन्हें खरीदने लोग सुबह से देर शाम तक फुटपाथ में लगी दुकानों में पहुंच रहे हैं।

दरअसल तरबूज का नाम आते ही लोगों को भीषण गर्मी में भी तरोताजगी दिलाने वाले विशेष फल की याद आ जाती है। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरबूज की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। मांग अधिक होने से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। जिला मुख्यालय की सड़कों पर तरबूज की दुकान लगने लगी है, शहर के आसपास गांव में किसान तरबूज की खेती कर रहे हैं। इस साल मौसम अनुकूल रहने के कारण तरबूज की पैदावर भी अच्छी है। गर्मी की शुरुआत से ही बाजारों में भारी मात्रा में स्थानीय खेतों से निकला तरबूज उतर चुका है, लोग इसे काफी पसंद भी कर रहे हैं। हालांकि अभी 20 से 30 रुपए किलो के हिसाब से मिल रहा है, लेकिन फिर भी लोग इसे खरीद रहे हैं। अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। सुबह 10 बजते ही तपिश बढ़ रही है। यह स्थिति शाम 4 बजे तक चलती है। शहर के फुटपाथ पर तरबूज बेच रहे दुकानदार ने बताया कि अभी सभी साइज में तरबूज का फल आ रहा है। करीब 2–3 किलो के तरबूज की कीमत 40–60 रुपये तक हैं।

व्यापारी का कहना है कि बाजार में किसानों की उपज हाथों हाथ बिक रही है। जिला मुख्यालय की विभिन्न सड़को में 50 से अधिक तरबूज की दुकान लगी हुई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, तरबूज की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, नारियल पानी जो शरीर को गर्मी से राहत तो देता ही है, बल्कि शरीर में पानी की कमी को दूर करने तथा इम्युनिटी बढाने में भी मदद करता है, ऐसे में नारियल पानी की भी खूब बिक्री हो रही है। नारियल पानी की कीमत वजन के अनुसार 50 से लेकर 70 रुपये नग तक बिक रहा है।



#### दुकानों में कोल्ड ड्रिंक की अपेक्षा फ्रूट जूस की मांग ज्यादा

दुकानों में प्लास्टिक के बोतल में सिलपैक कई विभिन्न तरह के कोल्डड्रिंक या सॉफ्टड्रिंक बिक रहा है। हालांकि लोग जागरूक होने के कारण सिलपैक वाले जूस के बजाए फुटपाथ में बिक रहे ताजा फलों के जूस पी रहे हैं। तरबूज, नारियल पानी, गन्ना जूस, मुसम्बी जूस, अनारा का जूस, पाइनएप्पल जूस सहित अन्य फलों के ताजा जूस पीने रुचि ले रहे हैं।

### देवरी में हुआ फाग स्पर्धा



**गुण्डरदेही।** ग्राम देवरी में ओम बालिका मानस भजन मंडली व ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय जस झांकी व फाग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री भाजपा मण्डल गुण्डरदेही थानसिंह मंडावी, सरपंच थानेश्वरी जोशी, बीएल साहू, पूर्व सरपंच देवकुमार साहू, विमल साहू, दालसिंह राज, तोमन देशमुख उपस्थित थे।

### मोहारा में श्रीमद् भागवत कथा जारी



**गुरूर।** ग्राम मोहारा में 1 अप्रैल को ग्राम में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह की शुरुआत हुई। इसके तहत महाराज शिशुपाल अरमरीकला वाले के श्रीमुख से ज्ञान भक्ति वैराग्य से परिपूर्ण कथा ज्ञान गंगा प्रवाहित हो रही है। यज्ञ के मुख्य यजमान धनेश सार्वा हैं। समस्त ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। वेदी पूजन के बाद आचार्य द्वारा महात्म्य कथा, परीक्षित जन्म की कथा श्रवण कराई गई। 04 अप्रैल गुरुवार को भगवान कृष्णचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 05 अप्रैल को भगवान कृष्णचंद्र जी की बाल लीला एवं माखन चोरी उत्सव मनाया जायेगा। कथा का समापन 7 अप्रैल को चढ़ोत्री, यज्ञ हवन पूर्णाहुति एवं विशाल भोग भंडारे के साथ होना है।

# बौद्धिक संपदा अधिकार कानून के संबंध में विद्यार्थियों को गई जानकारी






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एमएससी बॉटनी प्रीवियस एवं अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राघवेश पांडेय ने बौद्धिक संपदा अधिकार को समझाते हुए व्यापार चिन्ह अधिनियम को विस्तर से बताया। उन्होंने व्यापार चिन्ह के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा उल्लंघन पर दंड का प्रावधान को बतलाते हुए सुसंगत न्यायिक निर्णयों का भी उल्लेख किया। विशेष वक्ता के रूप में पूनमचंद गुप्ता ने बौद्धिक संपदा अधिकार बिक समझते हुए कॉपीराइट और पेटेंट एक्ट को विस्तार से बताया। सुब्रत मंडल ने भौगोलिक इंडिकेशन एक्ट के बारे में बताया और कहा कि छत्तीगसढ़ में भी बस्तर आर्ट और जीरा फूल चावल को जीआई टैग मिल चुका है। इस अवसर पर बॉटनी के विभागाध्यक्ष जीतेश साहू, अतिथि प्राध्यापक सोहन साहू, पूर्णिमा पठारे एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। आभार अतिथि प्राध्यापक सोहन साहू के द्वारा किया गया।

- घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# शिक्षक योगेश्वर को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट श्री 108 आदिनाथ पंचबालयति दिगंबर जैन मंदिर कमेटी भाटापारा के तत्वाधान में भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस कड़ी में कमेटी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन गौरवशाली चिन्मय अलंकरण समारोह पुरस्कार आयोजित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम नेवारीकला निवासी योगेश्वर कुमार साहू शिक्षक को भी राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसमें चिन्मय अलंकरण सम्मान और इनोवेटिव टीचर अवार्ड भी शामिल था। इससे पहले भी इनको शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने नवाचारी शिक्षक के रूप में दर्जनों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मोदी एवं सुमनलता मोदी, महासचिव आलोक मोदी एवं अभिषेक मोदी है। शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू जो लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी शिक्षक के रूप में राज्य स्तर पर विशेष पहचान बना चुके हैं। जो कि सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में नही बल्कि सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विशेष पहचान बना चुके हैं। इनकी इस उपलब्धि से परिवार, शाला परिवार, विकास खंड और जिले के सभी अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बड़भूम में किया गया बोर खनन



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बड़भूम में गिरते जलस्तर और पानी की समस्या को देखते हुए जनपद निधि से बोर खनन किया गया। सरपंच ने बताया कि वनांचल क्षेत्र होने के कारण ग्राम में जल्द जलस्तर नीचे चला जाता है। इससे पेयजल की भारी समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस कारण ग्राम में क्षेत्र की जनपद सदस्य कुलेश्वरी गावड़े के जनपद निधि से बोर खनन किया गया। ग्रामीणों ने जनपद सदस्य का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत बड़भूम बल्ला राम कुंजाम, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति साधु राम कुरेटी, दुर्जू तारम, बल्दू कुरेटी, शिवम कुरेटी, ओमप्रकाश कुरेटी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला संबलपुर में हुआन्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। न्योता भोजन का आयोजन धर्मेंद्र निषाद ने अपने सुपुत्री निशा निषाद कक्षा पांचवी और अगेश्वर खरे के सुपुत्र गुलशन खरे कक्षा 4थी के जन्म दिवस पर सामूहिक रूप से आयोजन किया। इस दौरान 90 बच्चों को अंगूर और केला फल का वितरण गया। न्यौता भोज के अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक दिनेश कुमार मालेकर,प्रधानपाठक वीणा ठाकुर ,शिक्षक अनिल दिल्लीवार,कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू, योगाचार्य सुरेखा अटल आदि उपस्थित रहे।

### कोर्सेवाड़ा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**भिलाई।** अहिवारा मार्केट शक्ति केंद्र में हुई बैठक। बैठक में बूथ क्रमांक 13, 14, 15, 16 व 17 में विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के द्वारा लिया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, मंडल अध्यक्ष लीमान साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, शक्ति केंद्र के संयोजक समारू पटेल, सह संयोजक विनोद गंधर्व, बुथ अध्यक्ष धर्मराज निषाद, राजकुमार ताम्रकार, बिसाह दास मानिकपुरी, पन्ना सेन, अर्जुन निषाद, अनिल दास, मुक्तावन टंडन, रामेश्वर साहू, जयनाथ ठाकुर, परदेसी राम साहू, शिरीष राव, पवन पाटिल, नकुल सेन आदि उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष

### सेमीफाइनल ...

संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राजहरा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा ने किया। पूरे मैच के दौरान कमेन्ट्री संजय रावत एवं भूषण निर्मलकर ने की। मैच के आफिसियल्स एवं रैफरी दीपेश डे, रायसिंह कांगरा, प्रफुल्ल कुमार विशाल प्रजापति, अमन कुमार प्रसाद, रविन्द्र रजवाड़े, शंकर बहादुर लामा, विजय आंनद डाडेल, एवं मैच कमिश्नर रूबी डेविड रहे।

# एसडीएम ने परखी मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता का निरीक्षण एसडीएम दीपक निकुंज, सीईओ जनपद पंचायत पाटन मुकेश कोठारी, तहसीलदार मीना साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने बच्चों के साथ बैठ कर मध्यान्ह भोजन करके गुणवत्ता परखी। अधिकारियों ने कहा कि भोजन मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मिला। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए, एसडीएम ने एनएमएमएसई छात्रवृति परीक्षा में उतीर्ण 07 बच्चे, जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में 03 और सैनिक स्कूल क्वालीफाई करने वाले 02 बच्चों को सम्मानित किए।

इस अवसर पर प्राचार्य राजेश पिल्लई विद्यालय की उपलब्धियां से अधिकारियों को अवगत कराएं। जामगांव आर संकुल समन्वयक रूपेश साहू, मिडिल प्राधान पाठक सिंधु अनिल कुमार सहित स्टॉफ उपस्थित थे।

# एक सप्ताह बंद रहेगा निगम में संपत्तिकर का आनलाइन भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम द्वारा ऑनलाइन टैक्स भुगतान की सुविधा के लिए शुरू की गई वेबसाईट बंद कर दी गई है। यानी ऑनलाइन भुगतान की सुविधा इन दिनों नहीं मिल रही है। करदाता एक सप्ताह तक टैक्स का ऑनलाइन भुगतान नहीं कर सकेंगे। वेबसाइट का अपडेशन कार्य होने की वजह से निगम ने इस सुविधा को फिलहाल के लिए बंद की है।

#### वेबसाइट सुधारने का चलेगा कार्य



#### इसलिए की थी सुविधा शुरू

निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए आनलाईन भुगतान हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी में वेबसाईट लॉच किया था। जिसका अच्छा प्रतिसाद रहा। लोगो ने घर बैठे संपत्तिकर सहित अन्य करो का भुगतान कर आनलाईन रसीद प्राप्त किये है। वेबसाईट के आवश्यक संधारण कार्य तथा संपत्तिकर करदाताओं के मोबाईल नम्बर को अपडेट करने के लिए 1 से 7 अप्रैल तक आनलाईन भुगतान को बंद रखा गया है।

#### करदाताओं को जाना होगा जोन कार्यालय

निगम की ऑनलाइन सुविधा बंद होने से करदाताओं को जोन कार्यालयों में जाकर मैनुअली टैक्स जमा करना होगा। सभी जोन कार्यालय में मैनुअली टैक्स भुगतान पहले की तरह लिया जा रहा है। 31 मार्च वित्तीय वर्ष की समाप्ति होने की वजह से राजस्व की ज्यादा प्राप्ति हो इसके लिए ऑनलाइन की सुविधा शुरू की गई थी। अप्रैल महीना नया वित्तीय वर्ष शुरू हो गया है। इसलिए पिछले वित्तीय वर्ष वाले बकायादार करदाताओं को 18 प्रतिशत अधिभार के साथ पैसे जमा करने होंगे।

### जिला पंचायत सभापति के भाजपा में शामिल होने पर विधायक ने कसा तंज

# जिन्हें सत्ता का लाभ लेने की आदत हो गई, वे पाला बदल रहे हैं : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





सत्ता में रहकर सत्ता का लाभ लेने की जिन्हें आदत हो गई थी, वे सरकार बदलते ही पाला बदलने लगे हैं। जिन्हें कांग्रेस ने दो–दो बार जिला पंचायत में अवसर दिया, पद दिया, सम्मान दिया, वे उसके प्रति वफादार नहीं रहे, तो अन्य पार्टी के लिए उनकी वफादारी पर सवालिया निशान उठते हैं। भाजपा को ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। यह बात विधायक संगीता सिन्हा ने विकासखण्ड में जिला पंचायत सभापति पीमन साहू के बाद अब मीना सत्येन्द्र के भाजपा प्रवेश करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि जिन्हें पार्टी पहले ही पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निलंबित कर चुकी थी, वे ही भाजपा में जा रहे हैं। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि ये लोग कांग्रेस में रहकर भी कांग्रेस के प्रति जवाबदेह नहीं थे, कांग्रेस पार्टी ने इन्हें लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों के बाद भी सुधरने का अवसर दिया, पद दिया, सम्मान दिया उसके बाद भी वे पार्टी के प्रति ईमानदार नहीं रहे, तो ऐसे लोग भाजपा में जाकर भाजपा के प्रति कितने समर्पित रहेंगे। संगीता सिन्हा ने भाजपा नेतृत्व को आगाह किया कि अब उनकी बारी है, वे ऐसे लोगों से कैसे निपटती है।

वहीं, इस विषय पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि ऐसे लोग पद के भूखे हैं, कांग्रेस ने लगातार उन्हें पद व सम्मान दिया। इनकी महत्वकांक्षा इतनी बढ़ गई है कि वे लगातार पद पर रहना चाहते हैं। ऐसे लोग सभी पदों पर स्वयं ही काबिज होना चाहते हैं, अन्य कार्यकर्ताओं को अवसर नही देना चाहते।

उन्हें पता है कि लगातार पार्टी विरोधी कार्यों के कारण अब उन्हें अवसर नहीं मिलने वाला है, इसलिए वे सत्ता बदलते ही पाला बदलने लगे हैं। इसी तरह ब्लाक कांग्रेस महामंत्री शादिक अली ने कहा कि कांग्रेस छोड़कर कोई नहीं जा रहा है। पार्टी को लगातार नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने वालों को कांग्रेस ने पहले ही बाहर का रास्ता दिया दिया था, वे सब सत्ता का लाभ लेने भाजपा में जा रहे हैं।

# डॉ महंत के बयान से कांग्रेस की मानसिकता उजागर हुई : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- प्रधानमंत्री को लेकर दिए गए बयान पर जिला भाजपा बालोद उपाध्यक्ष ने की टिप्पणी



राजनांदगांव के स्टेट हाईस्कूल मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल तथा देवेन्द्र यादव के समर्थन में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में चरण दास महंत के बयान के बाद से ही छत्तीसगढ़ का सियासी पारा गर्म हो चुका है। इस संबंध में जिला भाजपा बालोद उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने जो कहा है, यही कांग्रेस की असली मानसिकता और चेहरा है। केंद्र में दूर दूर तक कहीं भी किसी प्रकार से सत्ता ना मिलती देख महंत सहित सारे कांग्रेसी बौखला गए हैं। जिला भाजपा बालोद उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल करने वालो के प्रति बैर ना करते हुए फैसला देशवासियों पर छोड़ देते हैं। इसी का परिणाम होता है कि देश का एक-एक व्यक्ति मोदी को अपना परिवार का हिस्सा मानकर प्रधानमंत्री के खिलाफ बोले अपशब्दों का बदला मोदी के पक्ष में मतदान कर लेते हैं। नरेश यदु ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में देश की जनता अपने प्रधानमंत्री के विरुद्ध किए गए अपशब्दों का बदला कांग्रेस से जरूर लेगी और छत्तीसगढ़ में 11 में से 11 सीट में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाएगी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### फागुनदाह में बंदरों का आतंक, ग्रामीण परेशान

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में बंदरों के आतंक के कारण ग्रामीण अपनी बाड़ियों में सब्जी लगाने से लेकर घर के छतों में खाद्य सामान सूखाने के लिए सोचने को मजबूर हैं। बंदरों का आतंक इतना हो गया है कि वे घरों के दरवाजे के पास डेरा जमाकर बैठ जाते हैं, जिससे ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्राम में बंदरों का आतंक इतना ज्यादा बड़ गया है कि खपरैल वाले घरों में इतने छेद हो गए हैं कि तेज धूप की दोपहरी में सूरज की रोशनी टूटे खपरैल के छेद से होकर घरों में घुस रही है, जिसके कारण कच्चे घर वाले ग्रामीणों को खपरैल के ऊपर बबूल और बोईर जैसे पेड़ों की डाल काटकर घर के छतों में रखना पड़ रहा है, ताकि बंदर आतंक न मचा सकें। वहीं, बाड़ियों में लगी सब्जियों को तो बड़े होने से पहले ही बंदर चट कर जा रहे हैं।

### महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त मिलने पर डॉ टुवानी ने दी बधाई

**बालोद।** भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन की



दूसरी किश्त मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने खाते में महतारी वंदन योजना की प्रथम एवं द्वितीय किश्त आने से वे आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी तो देश की उन्नति और प्रगति में योगदान देंगी और हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ेगा।

### प्रधानमंत्री पर अशोभनीय टिप्पणी डा. महंत पर हो अपराध दर्ज : यशवंत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा नेता नवीन जिंदल पर



अशोभनीय, आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने पर कांकेर लोकसभा चुनाव क्लस्टर सह प्रभारी और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यशवंत जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में संवैधानिक पद पर बैठे कांग्रेस के वरिष्ठ, अग्रिम पंक्ति के नेताओं से ऐसे बयानबाजी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। चरण दास महंत का बयान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव सीट में हार को देखकर कांग्रेस की बौखलाहट प्रदर्शित कर रही है। चरण दास महंत पर अपराध पंजीबद्ध किया जाना चाहिए। श्री जैन ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री को कोसते आ रहे हैं, प्रधानमंत्री के प्रति अशोभनीय, अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मोदी जी को इसका दो गुना फायदा होता है।











# बच्चों ने रंगोली बनाकर किया मतदान के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम के शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला के अलावा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों ने ग्राम गुदुम के प्रत्येक गली मोहल्लों के अलावा मतदाताओं के घरों एवं दुकानों में पहुँचकर उन्हें लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र की सफलता हेतु मताधिकार के महत्व के संबंध में भी जानकारी दी। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद में भी मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित आकर्षक एवं रंग–बिरंगी रंगोली बनाकर मतदाताओं एवं आम नागरिकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी दी।





## आयोजन : चोरड़िया परिसर में हुआ बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन

# पानी छानकर पीने वाले वाणी को भी छान कर पीना और पिलाना सीखें : गौतमचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से 2 अप्रैल की रात्रि मंगलवार चोरड़िया परिसर में बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र स्तर पर महोत्सव का 30 वां आयोजन 21 अप्रैल रविवार को बटरेल में आयोजित होना तय हुआ। इस वर्ष महोत्सव संचालन के लिए अध्यक्ष यादमल गोलछा, बेलहारी कोषाध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया, बटरेल सदस्य संतोष जैन, प्रमोद जैन को स्वतंत्र प्रभार प्रदान किया गया।

- परिक्षेत्र स्तर पर महोत्सव का आयोजन 21 अप्रैल को बटरेल में आयोजित करने का लिया गया निर्णय

2023 की महोत्सव समिति ने आय व्यय का हिसाब देते हुए अध्यक्ष प्रेमचंद चौरडिया ने 2024 महोत्सव समिति के अध्यक्ष यादमल गोलछा को सम्पूर्ण पदभार तिलक लगाकर सौंपा। जामगांव आर, रानीतराई, ओदरागहन, बेलहारी, सुरपा, बटरेल, जैन श्री संघ के सदस्य मिलकर परिक्षेत्र स्तरीय महावीर जन्म कल्याणक समिति का गठन सन 1993 में किए गए थे, तब से अब तक कोरोना काल के दो वर्ष को छोड़ महोत्सव स्थान तयकर सफलता पूर्वक समिति द्वारा अनेकों उपलब्धि के साथ अनवरत जारी है।



### युवा आपदा को अवसर में बदलना सीखे, जीवन संवर जाएगा

बौद्धिक सम्मेलन में 60 वर्ष पार एके गोलछा ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा है, ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के लिए रफ एण्ड टफ बोल चाल विचारों से परहेज करते हुए अच्छे व्यवहार के मालिक बनें। उन्होंने कहा कि आपदा या समस्या जीवन का अभिन्न अंग है, युवा आपदा को अवसर में बदलने की कला सीखे जीवन संवर जाएगी। विरासत में मिले अच्छे संस्कारों को सहेजे गलत संगत और संस्कार से बचे, तभी घर परिवार समाज देश में अच्छा रोल प्ले आप कर पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि इस बौद्धिक सम्मेलन में आजीवन महोत्सव मनाने के लिए स्थान नियत किए। बौद्धिक सम्मेलन में 70 वर्ष पार गौतमचंद चौरडिया ने कहा कि पानी को छानकर पीने वाले लोग वाणी को भी छान कर पीना और पिलाना सीखे, जीवन में बहार आने लगेगी। अच्छे व्यवहार के धनी बन जायेंगे, सजगता पूर्वक चिंतन करके देखे तो अधिकांश संबंध वाणी बिगाड़ रही है, जिससे जीवन में आनंद का रस कम होने लगा है। आल इज वेल की बनावटी मुस्कुराहट से सब परिचित है, दर्द तो झलकता लाख छुपाएं नही छुपता, घर परिवार में तनाव का बहुत बड़ा कारण नासमझी और अंहकार भरी वाणी ही तो –ष्टिगोचर हो रही है। संभले आनंद से रहे और आनंद से रहने दे।

### समाज संस्कार का स्रोत है

बौद्धिक सम्मेलन में 50 वर्ष पार चंद्र कैलाश बैद ने कहा कि संगठन में शक्ति है, सबकी बातों को समझकर निर्णय ले तो संगठन में मजबूती आती है। समाज जितना मजबूत होगा, घर परिवार में उतना अच्छा संस्कार का वातावरण बनेगा। आज संस्कार का स्तर गिरने से हर कोई चिंतित है, लेकिन संस्कार के स्त्रेत समाज की मजबूती में जो योगदान मिलना चाहिए, वह नजर नहीं आ रहा है। युवा सदस्य आशीष राय सोनी ने कहा कि समाज हमे देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखे।

### सराहनीय योगदान यादमल और संतोष का रहा

परिक्षेत्र के बटरेल, बेलहारी, सूरपा, ओदरागहन में एक एक घर जैन परिवार हैं, इन्हें व्यवस्था मैनेज करने में तकलीफ आती थी और ये पारी आते ही तकलीफ महसूस करते थे। इस वर्ष इन्हीं एकल परिवार सदस्य यादमल गोलछा और संतोष चोरड़िया से बहुत सरहनीय प्रस्ताव लाए कि एकल परिवार वाले चारो गांवों को एक ग्रुप मानकर महोत्सव का संचालन किया जाए। जिसे हर्ष हर्ष जय जय की ध्वनि के साथ प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया और आजीवन ग्रुप वाइस गांवो में अल्टरनेट महोत्सव संचालन की व्यवस्था बन गई।

# सिकोला निवासी राजेश ने सिन्हा समाज को दान किया थाली-गिलास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम सिकोला निवासी राजेश कुमार सिन्हा ने 100 नग स्टील थाली व 100 नग स्टील गिलास सिन्हा समाज को दान में दिया है। इसके साथ ही उन्होंने डिस्पोजल पत्तल का उपयोग बंद करने का आह्वान किया है।

समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा महर्षि मुक्तानंद मुक्त वाटिका ग्राम सिकोला मे स्टील थाली व स्टील गिलास देकर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, डिस्पोजल मुक्त बालोद जिला बनाने का प्रयास किया है। इसके लिए मुक्त वाटिका के सदस्यों ने राजेश कुमार सिन्हा आभार व्यक्त किया, इस कड़ी में सिकोला, देवगाहन, तिलखारी, ओडारसकरी, चीचा के सदस्य मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि महर्षि मुक्तानंद के सानिध्य मुक्त वाटिका ग्राम सिकोला में मैंने एक छोटा सा प्रयास करते हुए 100 थाली 100 गिलाग देकर पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए एक छोटा सा कदम उठाया है, आप सभी समाज के लिए, गांव के लिए कुछ ना कुछ करते रहिए।

### मां कर्मा जयंती 5 को

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव 5 अप्रैल शुक्रवार को मनाया जाएगा। सर्वप्रथम कलश यात्रा, सामाजिक ध्वजारोहण, पूजा-आरती, खिचड़ी का भोग, अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन, सामाजिक चर्चा, प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया है। शाम 7बजे सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका कु. दुर्गा साहू ग्राम सिंघोरी जिला कबीरधाम की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष कीर्तन राम साहू ने दी।

## प्राथमिक शाला खोरदो में एसएमसी अध्यक्ष रघुनाथ ने दिया न्योता भोज



**गुरूर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत शासकीय प्राथमिक शाला खोरदो गुरूर में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रघुनाथ साहू द्वारा न्योता भोज में शाला के बच्चों को खीर पुड़ी खिलाई गई। अगले दिन आनंद राम व भागबली द्वारा खीर पूड़ी खिलाई गई। साथ ही समिति के सदस्य सरिता साहू द्वारा लौकी व भिंडी की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने कहा कि न्योता भोज बच्चों के पोषण वृद्धि मे सहायक हो रहा है। यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, इससे बच्चों, शिक्षक, पालकों एवं समिति के बीच आपसी प्रेम का विकास हो रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ साहू, दुर्गा गुरूवाणी, आनंद साहू, भागबली साहू, हीरालाल साहू, सरिता साहू, शिक्षक नरेश साहू, फलेश साहू उपस्थित थे।

# अण्डी में 5 को मनाई जाएगी भक्त माता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्राम अण्डी में मां कर्मा जयंती का आयोजन 5 अप्रैल दिन शुक्रवार को किया जा रहा है। इसमें कलशयात्रा, भक्त माता कर्मा की आरती तथा शाम 7 बजे से जय सिद्धेश्वर मानस परिवार देवरतिलदा, जिला गरियाबंद का कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरूदेव बिरेन्द्र देशमुख, प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य कामधेनु आश्रम भेंडी, अध्यक्षता डॉ. रेमन सिंह अटल, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज अण्डी, विशेष अतिथि हिरई बाई ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, डॉ. भागवत राम साहू भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, चन्द्राम ठाकुर, ग्राम पटेल, रामकिशुन ठाकुर, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, संतराम पोंगरा, पूर्व सरपंच / हल्बा समाज प्रमुख, पवन पोंगरा, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, धनेश्वरी रेमन अटल, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, देवलाल मालेकर, सचिव ग्राम पंचायत अण्डी, राम सिंह पटेल, मरार समाज प्रमुख, भावसिंह यादव, यादव समाज प्रमुख, रामकिशुन शर्मा, ब्राह्मण समाज प्रमुख, गणेशराम सिन्हा, सिन्हा समाज प्रमुख, सुफल दास मानिकपुरी, पनिका समाज प्रमुख, बनवाली राम रंगारी, महार समाज प्रमुख, माखनलाल सेन, सेन समाज प्रमुख, गैंदमल जैन, जैन समाज प्रमुख, रघुनंदन भुआर्य, हल्बा समाज प्रमुख सोनबरसा पारा, पांघर प्रमुख महेन्द्र कुमार साहू, तीरथ कुमार अटल, रविदास अटल, योगेश कुमार हिरवानी ईश्वर साहू, चेतन कुमार साहू होंगे।

### कुथरेल में 6 को विशाल कर्मा महोत्सव

**अंडा।** भक्त माता कर्मा की 1008वीं जंयती पर परिक्षेत्र स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव कुथरेल में 6 अप्रैल शनिवार को मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर परिक्षेत्र साहू संघ कुथरेल एवं ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे कलश यात्रा, 12 बजे भक्त माता कर्मा आरती, दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत, स्मृति सम्मान दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, शाम 4 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, संध्या 5 बजे भक्त कर्मा माता महाआरती, 7 बजे जय मां खल्लारी रामधुनी चिरपोटी भखारा का कार्यक्रम होगा। इसमें नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, अध्यक्षता विशेष अतिथि पुसऊ राम साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, राजेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग,



दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन, राजेश साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, श्रीमती दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग,यतीश साहू समन्वयक जिला साहू संघ दुर्ग टीका राम साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, दया राम साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, सुशील साहू महिला उपाध्यक्ष तह. साहू संघ दुर्ग ग्रामीण उमाशंकर साहू महामंत्री तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, लक्ष्मी साहू संयोजिका तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, ग्रामीण अध्यक्ष छन्नू लाल साहू, उपाध्यक्ष धनेश साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू,उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, बलराम साहू,उपाध्यक्ष कांती साहू सचिव हेमराज साहू, कोषाध्यक्ष, दिनेश साहू सहित परिक्षेत्रीय साहू समाज कुथरेल एवं ग्रामीण साहू समाज कोनारी के ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।

आवश्यकता है।
हरिभूमि

| पद | पदनाम |
| --- | --- |
| 04 | डेवलपमेंट सहायक |
| वेतन | 11000/- |

योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 18 से 30 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 04/04/2024 शाम 5 बजे तक संपर्क करें
अपना बायोडाटा Whatsup करें 8370049468
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
9 मई 2024
11 जून 2024
21 जून 2024
01 सितंबर 2024
25 सितंबर 2024
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर 18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

मित्तल भिलाई हॉस्पिटल
किडनी रोग विभाग
अपनी किडनी से प्यार करें, देखभाल करें
NABH
डॉ. विजय वच्छानी
डी.एम. नेफ्रोलॉजिस्ट
- किडनी का सिकुड़ना
- किडनी रोग व किडनी फेल्योर संबंधी परामर्श व उपचार
- पथरी संबंधी परामर्श व उपचार
- किडनी बायोप्सी
- 24 घंटे अनुभवी टीम द्वारा डायलिसिस
जुनवानी रोड, सूर्या टी.आई. मॉल के पास, भिलाई,
फोन : 77228 80844, 0788-2294440
Deepak Advts./M/11